बिहार सरकार,
समाहरणालय, लखीसराय
(बिहार गृह रक्षा वाहिनी,लखीसराय)

गृहरक्षकों के स्वच्छ नामांकन कार्य के लिए UHF RFID- based शारीरिक दक्षता की जाँच परीक्षा आयोजित करने हेतु निविदा आमंत्रण सूचनाः–

महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा का कार्यालय, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएँ, बिहार, पटना का पत्रांक 1174 दिनांक 21.02.2025 के आलोक में बिहार गृह रक्षा वाहिनी, लखीसराय में गृहरक्षकों के स्वच्छ नामांकन कार्य के लिए **UHF RFID- based** शारीरिक दक्षता की जॉच परीक्षा आयोजित करने हेतु इच्छुक फर्म से मोहरबंद लिफाफे में तकनिकी निविदा एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग बंद लिफाफे में जिला समादेष्टा कार्यालय, बिहार गृह रक्षा वाहिनी कार्यालय, लखीसराय को हाथो–हाथ या डाक द्वारा अंतिम तिथि 25.03.2025 को 05:00 बजे अपराहन् तक आमंत्रित की जाती है। शारीरिक दक्षता की जाँच परीक्षा में फर्म को **Biometric verification of candidate, UHF RFID Based Race Timing Solution, Digital Long Jump Measurement, Digital Shotput Measurement, Digital PST For Height and Chest Measurement,** और **Result compilation and drafting** का कार्य संपादित करना होगा। निविदा उक्त तिथि (25.03.2025) को 05:30 बजे अपराहन् जिला चयन समिति के समक्ष खोली जायेगी।

निम्नलिखित शर्तो एवं कार्य विवरणी के तहत मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. गृहरक्षकों के स्वच्छ नामांकन कार्य के लिए **UHF RFID- based** शारीरिक दक्षता की जाँच परीक्षा दिनांक 01.04.2025 से आरंभ होगी।
2. परीक्षा के तय कार्यक्रम में परिवर्तन होने पर संबंधित फर्म को पूर्व में ही अवगत करा दी जायेगी।
3. शारीरिक दक्षता की जाँच परीक्षा आयोजित करने के लिए परीक्षा स्थल (गाँधी मैदान, लखीसराय) पर सभी इलेक्ट्रॉनिक डिवाईस दिनांक 31.03.2025 के अपराहन् 05:00 बजे तक अधिष्ठापित कर उसका मॉक परीक्षण कर लिया जायेगा।
4. **UHF RFID- based** शारीरिक दक्षता की जाँच परीक्षा के लिए सभी टेक्नीसियन संबंधित फर्म के द्वारा ही उपलब्ध कराई जायेगी।
5. प्रतिनियुक्त सभी टेक्नीसियन फर्म के द्वारा दी गई पहचान पत्र को धारण किये रहेंगे। पहचान पत्र के बिना उन्हें परीक्षा स्थल पर प्रवेश नहीं दी जायेगी।
6. तकनिकी निविदा के साथ निम्नलिखित कागजात संलग्न करना अनिवार्य होगा–
   - (i) निविदा दाता फर्म द्वारा अग्रधन के रूप में जिला समादेष्टा, लखीसराय के पदनाम से निर्गत रूपये 25000/– (पच्चीस हजार) मात्र का बैंक ड्राफ्ट मूल में संलग्न करना अनिवार्य होगा।
   - (ii) लगातार तीन वर्षो को अद्यतन आयकर रिटर्न (आकलन वर्ष– 2020–21, 2021–22 और 2022–23) की स्वअभिप्रमाणित प्रति।
   - (iii) पैन कार्ड का स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति।
   - (iv) अद्यतन जी0एस0टी0 रिटर्न अक्टूबर 2023 तक की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति एवं जी0एस0टी0 निबंधन प्रमाणपत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति।
   - (v) न्यूनतम 1000000.00 मात्र का वार्षिक टर्नओभर का किसी चार्टर एकाउन्टेन्ट द्वारा स्वअभिप्रमाणित प्रति।
   - (vi) फर्म का अंकेक्षण प्रतिवेदन की स्वअभिप्रमाणित प्रति।

(vii) सरकारी संस्था में समरूप कार्य का अनुभव। पिछले 03 वर्षों में कोई एक समरूप कार्य जिसका वार्षिक भुगतान न्यूनतम 1000000.00 रू0 हो।

(viii) फर्म का काली सूची में नाम नहीं होने एवं थाना में प्राथमिकी दर्ज नहीं होने तथा किसी संस्था से विवर्जित **(Debared)** नहीं होने संबंधी नोटरी से निर्गत शपथ पत्र मूल में।

(ix) निविदा दाता द्वारा पुलिस अधीक्षक के माध्यम से निर्गत आचरण प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा।

तकनीकी ब्यौरा दर्ज करने हेतु प्रपत्र

क्र0	फर्म /एजेन्सी का नाम	25000.00 का बैंक ड्राफ्ट	अद्यतन आयकर रिटर्न तीन वर्षो का वर्ष 2020–21, 2021–22 तथा 2022–23	पैन कार्ड की छायाप्रति	अद्यतन जी0एस0टी0 रिर्टन अक्टूबर 2023	जी0एस0टी निबंधन प्रमाण पत्र	सी0ए0 द्वारा निर्गत 1000000.00 रू0 का टर्न ओवर	संस्था/फर्म का अंकेक्षण प्रतिवेदन की स्वअभिप्रमाणित प्रति वर्ष 2021–22 एवं 2022–23	समरूप कार्य अनुभव प्रमाण पत्र	काली सूची प्राथमिकी दर्ज नही होने एवं डिबार नही होने का नोटरी शपथ पत्र	पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत आचरण प्रमाण पत्र
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12

7. तकनिकी निविदा में सफल निविदा दाता का ही वित्तीय निविदा खोला जायेगा।
8. वित्तीय निविदा में सभी कर सहित प्रतिदिन की दर से कुल राशि भरना होगा।
9. एकरारनामा में इस आशय का उल्लेख होगा कि कार्य में किसी प्रकार की कमी पाये जाने की स्थिति में भुगतान की जाने वाली राशि से अनुपातिक राशि की कटौती की जा सकेगी।
10. निविदा को बिना कारण बताये किसी भी समय रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।
11. निविदा के संबंध में दिनांक 11.03.2025 को 02:00 बजे अपराहन् में **Pre bid Meeting** जिला पदाधिकारी, लखीसराय के कार्यालय कक्ष में आयोजित की जायेगी।
12. निविदा खोलने के समय (दिनांक 25.03.2025 के अपराहन् 05:30 बजे) निविदा दाता स्वंय या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि सभी वांछित कागजातों/प्रमाण–पत्र की मूल प्रति के साथ उपस्थित रहेगें।
13. निविदा के संबंध में विशेष जानकारी के लिए वेवसाईट– **http://lakhisarai.bih.nic.in** पर देखा जा सकता है।
14. किसी प्रकार के वाद विवाद की स्थिति में लखीसराय जिला न्यायालय में ही वाद दायर किया जा सकेगा, जो मान्य होगा।
15. किसी प्रकार का अग्रिम देय नहीं होगा।
16. अपरिहार्य कारण से भुगतान में विलंब होने पर किसी भी प्रकार का सूद–राशि देय नहीं होगा।

04/3/25

जिला पदाधिकारी,
लखीसराय।